# भारत सरकार
# रेल मंत्रालय
# रेल भर्ती बोर्ड

## केन्द्रीकृत रोजगार सूचना : आर.पी.एफ. 02/2024
## (कांस्टेबल की भर्ती)

### कंप्यूटर-आधारित परीक्षा के प्रश्न-पत्र, उत्तर और कुंजियाँ देखने और प्रश्नों /विकल्पों / कुंजियों पर यदि कोई आपत्ति हो तो उसे दर्ज करने हेतु सूचना

सीईएन आरपीएफ 02/2024 के अन्तर्गत कांस्टेबल (कार्यकारी) के पद के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा दिनांक 02-03-2024 से 18-03-2024 तक आयोजित की गई थी। सीबीटी में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को उनके प्रश्न पत्र, प्रतिक्रियाएं और उत्तर कुंजी देखने में सक्षम बनाने के लिए, आरआरबी की वेबसाइटों पर एक लिंक प्रदान किया जाएगा जो 24-03-2025 को 18:00 बजे से 29-03-2025 को 24:00 बजे तक सक्रिय रहेगा।

विवरण देखने के बाद, प्रश्नों, विकल्पों और कुंजियों के संबंध में यदि कोई आपत्ति हो तो अभ्यर्थी उसे उठा सकते हैं, जिसके लिए समय-सारिणी, शुल्क और प्रक्रिया नीचे दी गई है :

**1. समय अनुसूची**

| क्रमांक | गतिविधि | तिथि और समय |
|---|---|---|
| 1 | प्रश्न पत्र एवं प्रतिक्रिया कुंजी देखना और प्रश्नों, विकल्पों और कुंजियों के विरुद्ध आपत्तियाँ उठाना और ऑनलाइन शुल्क भुगतान करना | 24-03-2025 को 18:00 बजे से |
| 2 | प्रश्न पत्र देखने, आपत्तियां उठाने और भुगतान विंडो का बंद होना | 29-03-2025 को 24:00 बजे तक |

**2. शुल्क**

आपत्ति उठाने के लिए निर्धारित शुल्क **50/-** रुपये है, साथ ही प्रति प्रश्न बैंक सेवा शुल्क भी देना होगा। यदि उठाई गई आपत्ति सही पाई जाती है, तो ऐसी वैध आपत्तियों के लिए भुगतान किया गया शुल्क लागू बैंक शुल्क की कटौती के बाद अभ्यर्थी को वापस कर दिया जाएगा। यह शुल्क उस खाते में वापस किया जाएगा, जहां से उम्मीदवार ने ऑनलाइन भुगतान किया है।

**3. शुल्क भुगतान का तरीका**

1. डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड
2. यू पी आई
3. नेट बैंकिंग

**4. आपत्तियाँ दर्ज करने की प्रक्रिया**

आवश्यक दिशा-निर्देशों के साथ विस्तृत प्रक्रिया आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर उपलब्ध होगी।

**5.** अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे यदि कोई आपत्ति हो तो अंतिम तिथि और समय अर्थात 29-03-2025 को 24:00 बजे से पहले दर्ज कराएं, उसके बाद प्रश्नों, विकल्पों, कुंजियों आदि पर अभ्यर्थियों की ओर से कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**6.** उठाई गई आपत्तियों पर आरआरबी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा तथा इस मामले में उम्मीदवारों से कोई और पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**दिनांक : 22-03-2025**

**अध्यक्ष**
**रेल भर्ती बोर्ड**